**सुविचार**

एक इंसान को अपने नश्वर शरीर के बजाय ईश्वर से प्रेम करना चाहिए और सत्य और धर्म से प्यार करना चाहिए

# दैनिक पंचकूला ऑब्जर्वर

सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 18 | पंचकूला। रविवार, 22 फरवरी 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4

## एक नजर

### प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने एमडीयू रोहतक के कुलपति पद का संभाला कार्यभार

**रोहतक.** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक में शनिवार को नवनियुक्त कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विधिवत रूप से पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण समारोह के दौरान उनकी धर्मपत्नी डॉ. ममता सचदेवा, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस. सी. मलिक सहित विश्वविद्यालय के अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने राज्यपाल एवं कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसे वे पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ निभाएंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय के समग्र विकास, शैक्षणिक उत्कृष्टता तथा शोध गतिविधियों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### भारतीय जनता पार्टी कार्यालय 'कमलम' की ओर युवा कांग्रेस का मार्च, पुलिस से झड़प



**चंडीगढ़.** केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में चंडीगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस ने शुक्रवार को सेक्टर स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय 'कमलम' की ओर मार्च निकाला। प्रदर्शन का नेतृत्व चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस. लक्की और युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक लुबाना ने किया। प्रदर्शन में शामिल सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बेरोजगारी, महंगाई और कथित जनविरोधी नीतियों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों के हाथों में पार्टी के झंडे और बैनर थे, जिनमें प्रधानमंत्री से देशहित से जुडे मुद्दों पर स्पष्ट रुख अपनाने की मांग की गई। वक्ताओं ने कथित 'यू.एस. डील' को लेकर भी सवाल उठाए और आरोप लगाया कि इसमें देशहितों की पर्याप्त सुरक्षा नहीं की गई। नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है और असहमति की आवाज को दबाया जा रहा है। युवा कांग्रेस नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को गलवान जैसे गंभीर राष्ट्रीय मुद्दे पर बोलने का अवसर नहीं दिया गया, जो लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है। जैसे ही प्रदर्शनकारी भाजपा कार्यालय की ओर बढ़े, चंडीगढ़ पुलिस ने भारी बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया। इस दौरान धक्का-मुक्की की स्थिति बनी। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पुलिस ने लाठीचार्ज किया और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया। युवा कांग्रेस के अनुसार, इस कार्रवाई में उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह, महासचिव संदीप गुर्जर, जिला अध्यक्ष प्रकुल समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता घायल हुए। हालांकि, पुलिस की ओर से आधिकारिक बयान जारी होने तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने कहा कि पुलिस कार्रवाई से कार्यकर्ताओं का मनोबल नहीं टूटेगा और आंदोलन जारी रहेगा। युवा कांग्रेस अध्यक्ष दीपक लुबाना ने कहा कि बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रहे युवाओं की आवाज दबाने का प्रयास लोकतंत्र के लिए ठीक संकेत नहीं है। युवा कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि यह प्रदर्शन व्यापक आंदोलन की शुरुआत है और यदि सरकार ने अपना रुख नहीं बदला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### हिमाचल सीएम सुक्खू की बिगड़ी तबीयत

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज दिल्ली में बीमार पड़ गए। वह दिन में करीब 12 बजे उपचार के लिए एम्स दिल्ली पहुंचे। टेस्ट कराने के बाद सीएम सुक्खू वापस हिमाचल सदन लौट आए हैं। अब उनका स्वास्थ्य ठीक बताया जा रहा है। हालांकि, सीएम के स्वास्थ्य को लेकर मेडिकल बुलेटिन का अभी इंतजार है। सूचना के अनुसार सीएम सुक्खू के पेट में सुबह के वक्त अचानक दर्द उठा। जैसे ही दर्द तेज हुआ तो वह सीएम अस्पताल पहुंचे, जहां उनका उपचार शुरू हुआ और टेस्ट करवाए गए। सूत्रों के अनुसार- सीएम के सभी टेस्ट ठीक बताए जा रहे हैं। डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। गौरतलब हैकि सीएम सुक्खू काफी समय से पैंक्रियाज और पेट में इन्फेक्शन की समस्या से जूझ रहे हैं। सीएम 2 बार आईजीएमसी शिमला और एक बार एम्स दिल्ली में इलाज करवा चुके हैं। डॉक्टरों ने सीएम को आराम करने की सलाह दी है। अब वह हिमाचल सदन में आराम कर रहे हैं।

## अंबाला में आत्मीय भेंट: मनोहर लाल ने जाना अनिल विज का हालचाल

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**चंडीगढ़.** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने टीम हरियाणा के वरिष्ठ मंत्री अनिल विज से उनके अंबाला स्थित निवास पर पहुंचकर मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। यह भेंट आत्मीयता, सद्भाव और संगठनात्मक एकजुटता का प्रतीक मानी जा रही है। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में विस्तृत बातचीत हुई। मुलाकात के समय खट्टर ने विज के स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की और चिकित्सकीय परामर्श, उपचार तथा वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विज के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि उनका अनुभव और सक्रियता हरियाणा की राजनीति और प्रशासन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

अनिल विज, जो अपने स्पष्ट वक्तव्य और जनहित के मुद्दों पर मुखर रुख के लिए जाने जाते हैं, इन दिनों स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। उनके समर्थकों और क्षेत्रवासियों के बीच उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी हुई थी। ऐसे समय में केंद्रीय मंत्री का उनके निवास पर पहुंचना राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण संदेश देता है।

अंबाला में स्थित उनके निवास पर हुई इस मुलाकात के दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भी उत्साह देखा गया। लोगों ने इसे टीम भावना और आपसी समन्वय का उदाहरण बताया। खट्टर ने कहा कि सरकार और संगठन दोनों स्तरों पर सभी सहयोगी एक परिवार की तरह कार्य करते हैं। सूत्रों के अनुसार, दोनों नेताओं के बीच राज्य के समसामयिक विषयों, विकास परियोजनाओं और संगठनात्मक गतिविधियों पर भी चर्चा हुई। हालांकि मुलाकात का मुख्य उद्देश्य विज का कुशलक्षेम जानना और उनका मनोबल बढ़ाना था। खट्टर ने भरोसा जताया कि विज शीघ्र ही पूरी ऊर्जा के साथ जनसेवा में लौटेंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस प्रकार की मुलाकातें न केवल व्यक्तिगत संबंधों को सुदृढ़ करती हैं, बल्कि कार्यकर्ताओं के बीच सकारात्मक संदेश भी पहुंचाती हैं। हरियाणा की राजनीति में दोनों नेताओं की भूमिका अहम रही है और उनके बीच तालमेल को संगठन की मजबूती से जोड़कर देखा जाता है।

खट्टर ने अपने संदेश में यह भी कहा कि सार्वजनिक जीवन में स्वास्थ्य का विशेष महत्व है और व्यस्त दिनचर्या के बीच स्वयं की देखभाल आवश्यक है। उन्होंने विज को आवश्यक विश्राम लेने और चिकित्सकों की सलाह का पालन करने की सलाह दी।

मुलाकात के उपरांत संक्षिप्त बातचीत में विज ने भी खट्टर के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि साथियों का स्नेह और शुभकामनाएं शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में प्रेरक भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे जल्द ही पुन: सक्रिय होकर प्रदेशवासियों की सेवा में जुटेंगे। इस मौके पर गणमान्य व्यक्तियों ने भी दोनों नेताओं के स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। वातावरण पूरी तरह आत्मीय और सकारात्मक बना रहा। कुल मिलाकर, अंबाला में हुई यह भेंट केवल औपचारिक शिष्टाचार नहीं थी, बल्कि सहयोग, संवेदना और राजनीतिक सौहार्द का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आई।





## चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी का संगठन विस्तार, विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में लोगों ने थामा पार्टी का दामन

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**चंडीगढ़.** आम आदमी पार्टी, चंडीगढ़ द्वारा सेक्टर-39 स्थित पार्टी कार्यालय (कोठी नंबर 965) में संगठन विस्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी नेताओं ने इसे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में अहम कदम बताया। कार्यक्रम में पार्टी के प्रभारी जरनैल सिंह, सह-प्रभारी सनी अहलूवालिया और चंडीगढ़ यूनिट के प्रधान विजयपाल विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा नेता विपक्ष हरदीप सिंह, काउंसलर दमन प्रीत, अंजू कत्याल, जीवन सिंह गई, पीपी गई और देशराज सहित कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वार्ड नंबर 14, 33, 18, 2 सहित अन्य क्षेत्रों से आए युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों और जनहितकारी कार्यों से प्रभावित होकर सदस्यता ली। नेताओं ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी आम जनता की आवाज़ को बुलंद करने वाली पार्टी है और हर कार्यकर्ता संगठन की मजबूती की कड़ी है।

नेताओं ने विश्वास जताया कि नए साथियों के जुड़ने से चंडीगढ़ में पार्टी की पकड़ और मजबूत होगी तथा आने वाले समय में जनता से जुड़े मुद्दों को और प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। नए सदस्यों ने भी पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए भरोसा दिलाया कि वे पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने और जनसेवा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। कार्यक्रम के अंत में चंडीगढ़ यूनिट ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को सशक्त बनाने और आगामी राजनीतिक गतिविधियों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

## बारिश की मार और बीमा से वंचित किसान मोरनी क्षेत्र में खेती संकट गहराया

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**चंडीगढ़.** हरियाणा के पहाड़ी और वर्षा आधारित कृषि क्षेत्र मोरनी में इस बार बारिश न होने से किसानों की हालत बेहद चिंताजनक हो गई है। यहां की अधिकांश खेती पूरी तरह मानसून पर निर्भर करती है। न तो पर्याप्त नहर व्यवस्था है और न ही ट्यूबवेल या अन्य स्थायी सिंचाई साधन। ऐसे में जब आसमान से पानी नहीं बरसता, तो खेत सूख जाते हैं और किसानों की उम्मीदें भी साथ ही बिखर जाती हैं। इस वर्ष कम वर्षा ने क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को भारी आर्थिक संकट में धकेल दिया है। मोरनी क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति पहाड़ी है, जहां खेत छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटे हुए हैं। अधिकतर किसान मक्की, धान, बाजरा और दालों जैसी फसलें उगाते हैं, जो सीधे तौर पर वर्षा पर निर्भर रहती हैं। इस बार समय पर वर्षा न होने और पर्याप्त पानी न मिलने के कारण फसलें अंकुरण के बाद ही सूखने लगीं। कई किसानों को दोबारा बुवाई करनी पड़ी, जिससे बीज और मजदूरी का खर्च दोगुना हो गया। फिर भी बारिश ने साथ नहीं दिया। किसानों का कहना है कि अगर सिंचाई के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था होती, तो वे किसी तरह फसल बचा सकते थे। लेकिन यहां न तो नहरें हैं और न ही पर्याप्त जलस्रोत। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण भूमिगत जल भी सीमित है। ऐसे में किसान प्रकृति के भरोसे खेती करने को मजबूर हैं। जो थोड़ी बहुत फसल बारिश की कमी के बावजूद खेतों में बच पाई, उसे जंगली जानवरों ने तबाह कर दिया। क्षेत्र में बंदर, नीलगाय और जंगली सूअर बड़ी संख्या में हैं। ये जानवर रात के समय खेतों में घुसकर फसलों को भारी नुकसान पहुंचाते हैं। किसानों का कहना है कि कई बार वे पूरी रात खेतों की रखवाली करते हैं, लेकिन फिर भी जानवरों से पूरी तरह बचाव संभव नहीं हो पाता।

इस दोहरे संकट—सूखा और जंगली जानवरों के हमले—ने किसानों की कमर तोड़ दी है। जिन परिवारों की आजीविका पूरी तरह खेती पर निर्भर है, उनके सामने रोजमर्रा का खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। सरकार द्वारा किसानों की सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना चलाई जा रही है, जिसे किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण राहत योजना माना जाता है। इस योजना के तहत प्राकृतिक आपदाओं, सूखा, बाढ़ या अन्य कारणों से फसल खराब होने पर किसानों को मुआवजा मिलता है। लेकिन विडंबना यह है कि मोरनी क्षेत्र के अनेक किसान इस योजना का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं।

स्थानीय किसानों के अनुसार, वे फसल बीमा करवाना चाहते थे, लेकिन तकनीकी कारणों से उनका बीमा नहीं हो पाया। सामान्यत: गांवों में स्थित कॉमन सर्विस सेंटर (ष्टस्ष्ट) के माध्यम से फसल बीमा किया जाता है। परंतु मोरनी क्षेत्र में ष्टस्ष्ट केंद्र से बीमा नहीं हो पा रहा।

भूमि माप की तकनीकी बाधा

बीमा न होने का मुख्य कारण भूमि माप की इकाइयों में अंतर बताया जा रहा है। मोरनी क्षेत्र में जमीन की पैमाइश पारंपरिक रूप से बीघा और बीसवा में की जाती है। जबकि बीमा पोर्टल केवल एकड़ और कनाल में भूमि का

### ट्रैफिक जाम : टोल प्लाजा से एचएमटी तक लंबी कतारें

**पंचकूला.** पिछले कई दिनों से कालका-शिमला हाईवे पर चंडीमंदिर के पास ट्रैफिक जाम की समस्या गंभीर बनी हुई है। शुक्रवार शाम लगभग 4 बजे के बाद हालात और बिगड़ गए तथा वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। देखते ही देखते चंडीमंदिर ट्रैफिक लाइट से एचएमटी तक जाम पहुंच गया। दूसरी ओर पंचकूला की तरफ भी वाहनों की लाइनें लग गईं। करीब डेढ़ घंटे तक वाहन रेंगते रहे। कई लोग लंबे समय तक जाम में फंसे रहे और कुछ वाहन चालक पेट्रोल पंपों के पास से निकलने की कोशिश करते नजर आए समाचार के अनुसार, कालका-शिमला हाईवे पर सड़क की रिपेयरिंग का कार्य चल रहा है। कई स्थानों पर सड़क की कटिंग की जा रही है, जिससे दो लेन में से आधी सड़क बंद कर दी गई है। इसी कारण ट्रैफिक दबाव बढ़ गया और जाम की स्थिति बनी। टोल प्लाजा चंडीमंदिर के प्रोजेक्ट मैनेजर विशाल अरोड़ा ने बताया कि शनिवार तक मरम्मत कार्य पूरा कर लिया जाएगा।



राज्यसभा सांसद श्रीमती रेखा शर्मा जी के पंचकूला स्थित आवास पर माननीय केंद्रीय मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा जी का आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने राज्य के सर्वांगीण विकास और जनहित से जुड़े विषयों पर सकारात्मक चर्चा की।

### समाज उत्थान के लिए हितैषी फाउंडेशन के कार्य सराहनीय : ज्ञानचंद गुप्ता



**पंचकूला।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा है कि समाज को नई दिशा देने में सामाजिक संगठनों का अहम योगदान है। समाज उत्थान के लिए लोगों को इन संगठनों का साथ देना चाहिए। शनिवार को हितैषी फाउंडेशन के चेयरमैन भारत हितैषी ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात की और विभिन्न विषयों पर चर्चा की। भारत हितैषी ने ज्ञानचंद गुप्ता को नगर निगम वार्ड नंबर-4 (सेक्टर-9 एवं 10) के निवासियों के लिए 23 फरवरी 2026 सोमवार को आयोजित होने वाले नि:शुल्क हार्ट चेकअप कैंप के लिए निमंत्रण दिया। हितैषी फाउंडेशन, पंचकूला द्वारा अल्केमिस्ट हॉस्पिटल, पंचकूला के सहयोग से कैंप आयोजित किया जा रहा है। कैंप का आयोजन आर्य समाज मंदिर सेक्टर-9, पंचकूला परिसर में प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। कैंप में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. रोहित परती मरीजों की जांच करेंगे। इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में हृदय रोग संबंधी परामर्श के साथ-साथ बी.पी. की जांच तथा आवश्यकता अनुसार ई.सी.जी. टेस्ट भी निशुल्क किए जाएंगे। आयोजकों ने बताया कि हृदय रोगों की बढ़ती समस्या को देखते हुए आमजन को प्रारंभिक जांच की सुविधा उपलब्ध कराना इस कैंप का उद्देश्य है। संस्था के चेयरमैन भारत हितैषी ने वार्ड के सभी निवासियों से अपील की है कि वे कैंप का अधिकतम लाभ उठाएं तथा जरूरतमंद लोगों को भी साथ लेकर आएं। उन्होंने प्रतिभागियों से अपने पुराने मेडिकल रिकार्ड साथ लाने का भी अनुरोध किया है, ताकि जांच एवं परामर्श में सुविधा हो सके। इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे क्षेत्रवासियों को घर के नजदीक विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श उपलब्ध हो सके।

**मुलाकात**

### पत्रकारों के लिए सपरिवार निशुल्क कैश लेस इंश्योरेंस पॉलिसी लांचिंग के लिए एमडब्ल्यूबी ने सीएम से मांगा समय

## सीएम ने दिया आश्वासन जल्दी ही एमडब्ल्यूबी के कार्यक्रम में शामिल होकर करेंगे इनॉग्रेशन

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**चंडीगढ़.** मीडिया वैल बिंग एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके निवास संत कबीर कुटीर में मिला।लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हरियाणा के पत्रकार समुदाय के सामाजिक, आर्थिक एवं पेशेवर कल्याण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मीडिया वेलबीइंग एसोसिएशन (एमडब्ल्यूबीए) के अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी की अगुवाई में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को एक विस्तृत मांग-पत्र सौंपा गया।

चंद्रशेखर धरणी की अगवाई में पत्रकारों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को मांग पत्र थानेश्वर शर्मा,योगिंद्र शर्मा व पवन चोपड़ा ने सौंपा। एम डब्ल्यू बी के अध्यक्ष चंद्र



शेखर धरणी ने सी एम सैनी से संस्था द्वारा पत्रकारों व उनके परिवारों की करवाई गई मुफ्त कैश लेस हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसीज लांचिंग करने के लिए शीघ्र समय देने की माग की।सी एम सैनी ने आश्वाशन दिया कि बहुत जल्दी इस कार्यक्रम के लिए समय दिया जायेगा। चंद्रशेखर धरणी ने सीएम नायब सिंह सैनी को बताया कि मीडिया वेलबिंग एसोसिएशन ने भारत के इतिहास में नया अध्याय बनाया है। पत्रकारों का सपरिवार कैशलैस इंश्योरेंस करवाया है। धरणी ने बताया कि भारत के इतिहास में पहला पत्रकार संगठन है जो किसी भी सदस्य से किसी भी तरह का शुल्क लिए बिना इंश्योरेंस दे रहा है। भारत मे पत्रकारों को कैशलैस इंश्योरेंस देने वाला पहला पत्रकार संगठन मीडिया वेलबिंग संगठन बना है। इससे पहले एम डब्ल्यू बी द्वारा पत्रकारों को टर्म इंश्योरेंस व एक्सिडेंटियल इंश्योरेंस की मुफ्त में सुविधा दी जा रही है।

बीमार,अस्वस्थ,क्रिटिकल इलनेस के स्थिति में पत्रकारों व इनके परिवारों को आर्थिक मदद भी एम डब्ल्यू बी देती है। तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल जो अब केंद्रीय मंत्री है, अतीत में पहले टर्म इंश्योरेंस पॉलिसीज की थी तीन वर्ष पूर्व लांचिंग कर चुके हैं।ऊर्जा मंत्री अनिल विज 4 साल पहले कर चुके हैं मुफ्त एक्सीडेंटाइल पॉलिसी की लॉन्चिंग कर चुके हैं । पत्रकारों की यह मुफ्त में की जाने वाली सभी पॉलिसीज लगातार हर वर्ष रिन्यूअल के बाद यथावत जारी है। एम डब्ल्यू बी के प्रतिनिधि मंडल में प्रस्तुत मांग पत्र में पत्रकारों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को सिलसिलेवार रखा गया , जिसमें पेंशन सुधार से लेकर शिक्षा-रोजगार आरक्षण तक की महत्वपूर्ण बातें शामिल हैं। धरणी ने कहा पत्रकार निष्पक्ष व निर्भीक पत्रकारिता के माध्यम से जन-जन की आवाज शासन-प्रशासन तक पहुंचाते हुए समाज व सरकार के मध्य मजबूत सेतु का कार्य निभाते हैं, इसलिए उनके संरक्षण हेतु ठोस कदम उठाना अत्यंत आवश्यक है। इससे पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मुख्यमंत्री निवास संत कबीर कुटीर पर एमडब्ल्यूबीए द्वारा शुरू की गई इंश्योरेंस पॉलिसियों का अनुग्रेशन किया था, जिससे पत्रकार समुदाय में नई आशा का संचार हुआ था। संगठन को पूर्ण विश्वास है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दूरदर्शी नेतृत्व में इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी मीडिया वेल बीइंग एसोसिएशन की सराहना करते हुए कहा कि एसोसिएशन पत्रकार हित में बेहतरीन कार्य कर रही है। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि पत्रकारों के हित में एसोसिएशन द्वारा रखी गई मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा ताकि पत्रकारों को सुविधा प्रदान करने की योजना बनाई जा सके। मुख्यमंत्री ने एसोसिएशन द्वारा पत्रकारों को प्रदान की जाने वाली इंश्योरेंस पॉलिसियों के लांचिंग कार्यक्रम में जल्द ही शामिल होने की बात कही।

## एक नजर

### श्री खाटू श्याम जी व श्री सालासर बाला जी धाम के लिए पहली धार्मिक बस यात्रा का आयोजन



**चण्डीगढ़.** भक्ति पथ यात्रा समूह ग्रुप द्वारा श्री खाटू श्याम जी व श्री सालासर बाला जी धाम के दर्शनों के लिए पहली धार्मिक बस यात्रा का आयोजन किया गया। भक्ति पथ यात्रा ग्रुप का उद्देश्य है कि अपने युवाओं को ज्यादा से ज्यादा सनातन धर्म से जोड़ना और आगे भी हर महीने धार्मिक स्थानों की यात्रा कर जनता को प्रभु भक्ति से जोड़े रखना है। इसी के निमित्त आज दिनांक 21 फरवरी को एक बस पवित्र यात्रा के लिए रवाना हुईए जिसकी अगुवाई श्री सतपाल जैन, एडिशनल सॉलिसिटर जनरल, श्री देवेश मोदगिल, पूर्व मेयर चंडीगढ़, श्री अनिल दुबे, पूर्व डिप्टी मेयर चंडीगढ़, श्री 1008 महामंडलेश्वर कमली माता, श्री सोनी गोयल, श्री भूपेंद्र शर्मा, श्री मुकेश गोयल, श्री ए पी शर्मा, श्री सिद्धार्थ मोदगिल, सुकेशा गोसाईं द्वारा नारियल फोड़ कर की गई। प्रसिद्ध समाजसेवी श्री सोनू सेठी जी, सेठी ढाबा वालेद्ध ने अपने भजनों से यात्रियों का स्वागत किया व रात के भंडारे की सेवा का इंतजाम करवाया। यात्रा की सेवा में प्रमुख रूप से महिपाल खाती, पूनम कोठारी, बसवानंद भट्ट, अनिल गोयल, धीरज कुमार, तेजस्वी मठपाल, कीर्ति, कांति देवी, राजरानी, तरुणा मुख्य तौर पर शामिल रहे।

### राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज में प्रवेश शुरू, परीक्षा 7 जून को, आवेदन करने की अंतिम तिथि 5 अप्रैल

**चंडीगढ़.** राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज (आर.आई.एम.सी.), देहरादून द्वारा जनवरी 2027 टर्म में प्रवेश के लिए योग्य लड़कों और लड़कियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि लिखित प्रवेश परीक्षा 7 जून, 2026 (रविवार) को लाला लाजपत राय भवन, चंडीगढ़ में आयोजित की जाएगी। प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का जन्म 2 जनवरी, 2014 से पहले तथा 1 जुलाई, 2015 के बाद नहीं होना चाहिए और वे या तो 7वीं कक्षा में अध्ययनरत हों या किसी मान्यता प्राप्त स्कूल से 7वीं कक्षा उत्तीर्ण की हो। चयनित उम्मीदवारों को 8वीं कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। लिखित परीक्षा में तीन प्रश्नपत्र होंगे—अंग्रेज़ी, गणित और सामान्य ज्ञान। प्रॉस्पेक्टस-कम-आवेदन पत्र सहित अधिक जानकारी आर.आई.एम.सी. की वेबसाइट www.rimc.edu.in से निर्धारित शुल्क 600 रुपये (सामान्य श्रेणी के लिए) तथा 555 रुपये (एस.सी./एस.टी. के लिए) जमा करवाकर ऑनलाइन प्राप्त की जा सकती है। आवेदन पत्र एक डिमांड ड्राफ्ट, जो 'द कमांडेंट आर.आई.एम.सी. फंड' के पक्ष में तथा देहरादून में देय होगा, सहित लिखित अनुरोध भेजकर भी मंगवाया जा सकता है। पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित 5 अप्रैल, 2026 को या उससे पहले निदेशालय रक्षा सेवाएं कल्याण, पंजाब, सैनिक भवन, सेक्टर-21-डी, चंडीगढ़ भेजा जाए। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### कार सवार युवक का रास्ता रोककर हमला कर छीनी चैन और लूटे 8 हजार

**जीरकपुर।** ढकोली के पीरमुछल्ला स्थित पिंक सिटी सोसायटी के गेट नंबर-1 के बाहर कार सवार युवक का रास्ता रोककर हमला करने और लूटपाट का मामला सामने आया है। आरोप है कि पहले ऑटो चालक ने कार के आगे ऑटो लगाकर रास्ता रोका, फिर फोन कर साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में 10-12 युवक मौके पर पहुंचे और बेसबॉल व डंडों से हमला कर दिया। कार सवार की शिकायत अनुसार हमलावर उसके गले से सोने की चेन और जेब से 8 हजार रुपये निकालकर फरार हो गए। घायल को पहले सीएचसी ढकोली ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में सेक्टर-32 स्थित सरकारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने 5 नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मनदीप सिंह निवासी पीरमुछल्ला ने बताया कि 18 फरवरी की शाम करीब 7:35 बजे वह अपनी कार से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह पिंक सिटी गेट नंबर-1 के पास पहुंचे, तभी सेक्टर-20 की ओर से आए एक ऑटो चालक ने अचानक अपना ऑटो उनकी कार के आगे लगा दिया। इससे उन्हें गाड़ी रोकनी पड़ी। मनदीप के अनुसार, ऑटो चालक ने तुरंत किसी को फोन किया। कुछ ही मिनटों में एक गाड़ी में सवार 10-12 युवक मौके पर पहुंच गए। आते ही युवकों ने उन्हें कार से बाहर खींच लिया और घेरकर बेसबॉल व डंडों से हमला शुरू कर दिया। अचानक हुए हमले से वह संभल नहीं सके और जमीन पर गिर पड़े। आरोप है कि इसके बावजूद हमलावर लगातार मारपीट करते रहे। घटना के दौरान शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों को आता देख हमलावर मौके से फरार हो गए। शिकायतकर्ता के मुताबिक, मारपीट के दौरान आरोपियों ने उनके गले से सोने की चेन उतार ली और जेब में रखे 8 हजार रुपये भी निकाल लिए। घायल अवस्था में मनदीप को परिजन और स्थानीय लोग तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ढकोली लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें सेक्टर-32 स्थित सरकारी अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर राजा, चंदन, नीरज, रोहित, उमाशंकर और एक अज्ञात के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 115(2), 126(2), 351(2), 191(3), 190 के तहत केस दर्ज किया गया है। सभी हमलावर मूल रूप से उन्नाव (उत्तर प्रदेश) के निवासी बताए जा रहे हैं.

### केंद्र सरकार ने भारत को अमेरिका का पिछलग्गू बनाया : सेखों

**डेराबस्सी।** समूचा जीवन जनता और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) सीपीआई-एम की विचारधारा को समर्पित करने वाले कामरेड रतन सिंह हैबतपुर तथा अन्य महान शहीद कम्युनिस्टों की स्मृति में 10वां श्रद्धांजलि समारोह कामरेड रतन सिंह मार्क्सवादी चेतना केंद्र, डेराबस्सी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत झंडा फहराने की रस्म से हुई, जिसके दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सीपीआई(एम) के प्रदेश सचिव कामरेड सुखविंदर सिंह सेखों, राज्य सचिवालय सदस्य कामरेड भूप चंद चन्नो, कामरेड गुरदर्शन सिंह खासपुर, कामरेड श्याम लाल हैबतपुर, सीपीआई नेता एडवोकेट जसपाल सिंह दप्पर तथा वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी कृष्णपाल शर्मा ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन की भूमिका कामरेड चंद्रपाल अत्तरी ने निभाई।

# मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने संदीप गिलहोत्रा के परिवार के साथ दुख साझा किया

- समाजसेवी संदीप गिलहोत्रा का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति
- संदीप का निस्वार्थ सेवा वाला जीवन आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा
- गिलहोत्रा के अचानक निधन से उत्पन्न खालीपन कभी भरा नहीं जा सकता

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता





**फाजिल्का.** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान आज प्रसिद्ध समाजसेवी संदीप गिलहोत्रा के निधन पर कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा और गिलहोत्रा परिवार के साथ दुख साझा करने पहुंचे, जिनका कुछ दिन पहले निधन हो गया था। संदीप गिलहोत्रा कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा के ससुर थे। इस दुखद घडी में पीडित परिवार के साथ संवेदना व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'स्वर्गीय संदीप गिलहोत्रा निस्वार्थ सेवा के प्रकाशस्तंभ और समर्पित समाजसेवी थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन लोगों की भलाई के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने समाज के सभी वर्गों, खासकर हाशिए पर पडे समुदायों की बेहतरी के लिए अथक कार्य किया। वे दबे-कुचले और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे।' मुख्यमंत्री ने आगे कहा, 'संदीप गिलहोत्रा के नेक कार्य हमेशा लोगों के दिलों में अंकित रहेंगे और आने वाली पीडियों को निस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। उनके असमय निधन ने एक ऐसा खालीपन पैदा कर दिया है, जो कभी भरा नहीं जा सकता। इस महान समाजसेवी का योगदान हमेशा समाज सेवा के मार्ग को रोशन करता रहेगा।' परिवार की लोक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'इस महान आत्मा के नक्शेकदम पर चलते हुए, उनके दामाद और पंजाब के कैबिनेट मंत्री उत्साह के साथ राज्य के लोगों की सेवा कर रहे हैं।' मान ने परमात्मा के समक्ष प्रार्थना की कि वह पीडित परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति दें तथा दिवंगत आत्मा को शाश्वत शांति प्रदान करें। इस अवसर पर विधायक नरिंदरपाल सिंह सवना, अमनदीप सिंह गोल्डी मुसाफिर, जगदीप कंबोज गोल्डी और अन्य भी मौजूद थे।

# आप सरकार मार्च में पेश करेगी लगातार पांचवां लोक-हितैषी बजट : मुख्यमंत्री भगवंत मान

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**अहमदाबाद.** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने घोषणा की है कि पंजाब सरकार मार्च महीने में अपना लगातार पांचवां लोक-हितैषी बजट पेश करेगी। उन्होंने कहा कि यह बजट पहले की तरह समाज के हर वर्ग की भलाई पर केंद्रित होगा और सरकार आम आदमी के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने अब तक नागरिक-केंद्रित और लोक-हितैषी फैसले लिए हैं, जिससे राज्य में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाला बजट भी पंजाब के लोगों के लिए लाभकारी साबित होगा। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के बजट अमीर वर्ग के पक्ष में झुके हुए हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को दबाने की प्रवृत्ति चिंताजनक है। साथ ही उन्होंने ग्रामीण विकास फंड में पंजाब के हिस्से को रोके जाने का मुद्दा भी उठाया। सीएम मान ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में 'पंजाब शिक्षा क्रांति' के तहत सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे को उन्नत किया जा रहा है।

118 सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक लैब और खेल सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। शिक्षकों और प्रिंसिपलों को विदेश में प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि 16,209 करोड़ रुपये की लागत से 44,920 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया है, जिनकी पांच साल तक देखभाल की शर्त भी शामिल है। उन्होंने बताया कि शहीद जवानों के परिवारों को एक करोड़ रुपये और ड्यूटी के दौरान शहीद होने वाले पुलिस कर्मियों के परिवारों को दो करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

इसके अलावा 19 टोल प्लाजा बंद किए गए हैं, जिससे लोगों को प्रतिदिन लगभग 64 लाख रुपये की बचत हो रही है।

#### पंजाब ने निजी थर्मल प्लांट खरीदकर रचा इतिहास

सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में 90 प्रतिशत से अधिक घरों को मुफ्त बिजली मिल रही है और किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब ने एक निजी थर्मल प्लांट खरीदकर इतिहास रचा है। स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि 881 आम आदमी क्लीनिक स्थापित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत राज्य का प्रत्येक परिवार 10 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज प्राप्त कर सकता है। उन्होंने दावा किया कि इतनी व्यापक स्वास्थ्य सुविधा देने वाला पंजाब देश का पहला राज्य है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने दोहराया कि उनकी सरकार का हर निर्णय लोकतंत्र को मजबूत करने और आम नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में उठाया गया कदम है।

### पुलिस ने दो पहिया वाहन चोरी के मामले में दो आरोपी हॉकरों को किया गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** यूटी साउथ डिविजन की थाना 34 पुलिस ने दो पहिया वाहन चोरी करने के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपियो की पहचान ईडब्ल्यूएस कालोनी धनास के रहने वाले 24 वर्षीय आकाश उर्फ राहुल और 26 वर्षीय संजय सिंह के रूप में हुई है।पकड़े गए आरोपियो के कब्जे से कुल 8 दो पहिया वाहन बरामद किए है।पकड़े गए आरोपियो को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपियों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। जानकारी के अनुसार पता चला कि थाना पुलिस को 19 फरवरी को गुप्त सूचना और टेक्निकल तकनीक के जरिए पता चला कि एरिया से दो पहिया वाहन चोरी करने वाले आरोपी सक्रिय है।मामले को गंभीरता से लेते हुए और यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना 34 के प्रभारी इंस्पेक्टर सतिंदर कुमार की टीम ने आरोपियो को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ।पुलिस ने तुरंत उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज पाए गए हैं।

## पंजाबियों को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की बधाई, पंजाबी भाषा के विकास के लिए किए प्रयासों पर डाला प्रकाश

चंडीगढ़. पंजाब के शिक्षा और भाषा मंत्री स.हरजोत सिंह बैंस ने अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मौके लोगों को शिक्षा, संचार, सभ्याचार संभाल और टिकाऊ विकास में मातृ भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका का हवाला देते मातृभाषा पंजाबी को अपने रोज़ाना के जीवन में अपनाने का न्योता दिया।



लोगों को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की शुभकामनाएं देते स.हरजोत सिंह बैंस ने ज़ोर देकर कहा कि सभी भाषाएं बराबर सम्मानीय है। उन्होंने पंजाबी के प्रसार और सभ्याचार की संभाल प्रति मुख्य मंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की अटूट वचनबद्धता को दोहराया।

स.बैंस ने बताया कि राय के कोने- कोने तक पंजाबी भाषा के प्रसार और सम्मान को यकीनी बनाने के लिए भाषा विभाग ने अंतरराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस पर पंजाब भर में 13 समागम आयोजित किए है। इन समागमों में कवि दरबार, नाटक, भाषा सैमीनार, विद्यार्थियों के भाषण मुकाबले और साहित्यक चर्चाएं शामिल है। पंजाब सरकार की तरफ से मातृ भाषा की संभाल और इसके विश्वव्यापी प्रचार के लिए किए गए कई प्रयासों को उजागर करते भाषा मंत्री ने कहा कि पंजाबी साहित्य के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाली शख़्सियतों के सम्मान के लिए विभाग की तरफ से जरूरतमंद लेखकों, साहित्यकारों और उनके आश्रित परिवारों को 15, 000 रुपए की महीनावार पैन्शन/ वित्ती सहायता प्रदान की जा रही है। इसके इलावा विभाग साल 2025 के लिए बैस्ट लिटरेरी पंजाबी बुक्क अवार्ड योजना के अंतर्गत अलग- अलग श्रेणियों में 10 पुरुस्कार प्रदान किए है। इसके साथ ही विभाग की तरफ से 11 पंजाबी साहित्यक सभाओं को वित्तीय सहायता भी दी गई जिससे वह मातृभाषा के प्रसार के लिए समर्पित समागम करवा सकें।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में पंजाबी भाषा प्रति लगाव पैदा करने के यत्नों के अंतर्गत विभाग ने 20 ज़िला भाषा दफ़्तरों में पंजाबी साहित्यक सृजित करना और कविता गान मुकाबले करवाए है। इसीके साथ ही राय भर में पंजाबी बाल साहित्य क्विज़ मुकाबले करवाए गए, जिनके फ़ाईनल मुकाबले मोगा में रखे गए और भाषायी उत्तमता प्रति मुकाबले की भावना को उत्साहित करते विजेताओं को अलग- अलग पुरुस्कारों के साथ सम्मानित किया गया। विभाग के साल भर चलने वाले विभिन्न साहित्यक समागमों में साहित्यक शख्सियतों के साथ पांच रू-ब-रू प्रोगराम,कहानी दरबार,सावन कवि दरबारऔर नवांशहर में शहीद भगत सिंह को समर्पित एक विशेष सैमीनार शामिल है।

## गैंगस्टरां ते वार का 32वां दिन, पंजाब पुलिस ने 631 स्थानों पर की छापेमारी; 217 काबू

- पुलिस टीमों ने 95 व्यक्तियों विरुद्ध की एहतियाती कार्यवाही, 151 को पूछताछ के बाद किया रिहा
- लोग गैंगस्टर विरोधी हेल्पलाइन नंबर 93946- 93946 के द्वारा गुप्त तौर पर दे सकते है गैंगस्टर बारे जानकारी

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**चंडीगढ़।** मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर चल रहे निर्णायक अभियान 'गैंगस्टरां ते वार' के 32वें दिन पंजाब पुलिस ने आज राज्य भर में गैंगस्टरों के साथियों के पहचाने गए और मेप किए 631 टिकानों पर छापेमारी की। ज़िक्रयोग्य है कि 'गैंगस्टरां ते वार' - पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए निर्णायक युद्ध है, जिसकी सुरूआत 20 जनवरी, 2026 को पुलिस डायरैक्टर जनरल (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने की थी। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के पूरे तालमेल के साथ सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्य भर में विशेष कार्यवाहियां कर रही है।

मुहिम के 32वें दिन, पुलिस टीमों ने 217 व्यक्तियों को गिरफ़्तार किया और उनके कब्ज़े में से छह हथियार बरामद किए, जिसके साथ मुहिम की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ़्तारियों की गिनती 10, 412 हो गई है।

इसके इलावा 95 व्यक्तियों विरुद्ध एहतियाती कार्यवाही की गई है, जब कि 151 व्यक्तियों की जांच और पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस टीमों ने कार्यवाही दौरान आठ भगौड़े अपराधियों (पीओ) को भी गिरफ़्तार किया है।

उन्होंने कहा कि लोग वाछिंत अपराधियों और गैंगस्टरों बारे एंटी गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के द्वारा गुप्त तौर पर जानकारी दे सकते है और अपराध और अपराधिक गतिविधियों बारे सूह/ जानकारी भी सांझी की जा सकती है। पुलिस टीमों ने नशे विरुद्ध अपनी मुहिम 'युद्ध नशियां विरुद्ध' को 357वें दिन भी जारी रखते आज 117 नशा तस्करों को गिरफ़्तार किया और उनके कब्ज़े में से 3.1 किलो हेरोइन, 3 किलो अफ़ीम, 446 नशीली गोलियां/ कैप्सूल और 63250 रुपए की ड्रग मनी बरामद की गई। इसके साथ केवल 357 दिनों में गिरफ़्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 50691 हो गई है।

# माता सुंदरी यूनिवर्सिटी गर्ल्स कॉलेज में 10 करोड़ से बनेगा होस्टल : हरपाल चीमा

- 122 बिस्तरों वाला होस्टल 6 महीनों में होगा पूरा, 13 लाख रुपए की डिजिटल लाईब्रेरी भी की जाएगी स्थापित
- 4 सालों में 63, 000 से अधिक सरकारी नौकरियां दी, युवाओं का विदेश जाने का रुझान कम हुआ
- पंजाब की अमन- कानून की स्थिति को खराब करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, नशे और गैंगस्टरों विरुद्ध अभियान तेज

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**चंडीगढ़/मानसा.** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज माता सुंदरी यूनिवर्सिटी गर्लज कालेज, मानसा में लड़कियों के नए होस्टल का नींव पत्थर रखा। इस मौके उन्होंने उच्च शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और पंजाब के कोने- कोने से आने वाली बेटियों के लिए सुरक्षित और मानक शिक्षा सुविधाएं सुनिश्चित बनाने के लिए भगवंत मान सरकार की वचनबद्धता को दोहराया।

समागम दौरान सभा को संबोधित करते वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, लगभग 10 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत के साथ बनने वाले इस गर्लज होस्टल का निर्माण अगले छह महीनों में पूरा कर लिया जाएगा। यह सुविधा उन छात्राओं को बड़ी राहत देगी जो दूर के इलाकों से पढ़ाई के लिए आती है। उन्होंने आगे घोषणा की कि, कालेज में 13 लाख रुपए की लागत के साथ एक अति- आधुनिक डिजिटल लाईब्रेरी भी स्थापित की जाएगी। यह डिजिटल लाईब्रेरी विद्यार्थियों को उनकी पढ़ाई और मुकाबले की परीक्षाओं की तैयारी में सहायक होगी। राज्य के व्यापक विकास के एजंडे पर जोर देते वित्त मंत्री ने कहा, मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सभी क्षेत्रों में सर्वपक्षीय विकास का गवाह बन रहा है। अपने पिछले दौरे को याद करते उन्होंने कहा, मेरी पिछली फेरी दौरान छात्राओं ने रिहायशी सुविधाओं की कमी कारण आ रही मुश्किलों के बारे बताया था। उनकी चिंताओ का तुरंत नोटिस लेते हमने संबंधित विभागों के साथ तालमेल किया और पी.एम- उषा योजना के अंतर्गत इस करोड़ों रुपए के प्रोजैक्ट की शुरुआत की। उन्होंने कहा, होस्टल में 122 छात्राओं के रहने के लिए कमरे होंगे, जो हमारी बेटियों के लिए एक सुरक्षित और सहायक माहौल यकीनी बनाएगे। रोजगार के मोर्चे पर पंजाब सरकार के रिकार्ड बारे बताते वित्त मंत्री चीमा ने कहा, पिछले चार सालों में पंजाब के युवाओं को 63, 000 से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई है। इन पारदर्शी और योग्यता आधारित भर्ती ने जनता का विश्वास बहाल किया है और युवाओं के विदेश जाने के रुझान में स्पष्ट गिरावट आई है।

अमन- कानून को बरकरार रखने के बारे सरकार की सख्त वचनबद्धता को दोहराते हुए वित्त मंत्री चीमा ने कहा, पंजाब में से नशा और गैंगस्टरों के खात्मे के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि राज्य की अमन- कानून की स्थिति को खराब की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

इस मौके मानसा के विधायक डा.विजे सिंगला ने भी सभा को संबोधित किया और धन्यवाद प्रकट करते कहा, मैं मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान और वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा का इस अहम बुनियादी ढांचे के लिए धन्यवाद करता हूं, जिसके साथ इस क्षेत्र की छात्राओं को बहुत लाभ होगा। कालेज के प्रिंसीपल डा.बरिंदर कौर और पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के डायरैक्टर (सी.सी.) डा. अमर इन्द्र सिंह के स्वागती भाषण के साथ हुई, जिन्होंने शैक्षणिक संस्थाओं को मजबूत करने के लिए सरकार के लगातार सहयोग की प्रशंसा की। अपनी फेरी दौरान वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कैंपस में किक्क- बाक्सिंग के मैच भी देखे, खिलाड़ियों की लगन और अनुशासन के लिए उनका मनोबल बढाया और उनके साथ यादगारी तस्वीरें भी खिंचवाई।

इस मौके बुढलाडा के विधायक प्रिंसीपल बुद्ध राम, डिप्टी कमिश्नर मानसा नवजोत कौर, ि?ला योजना बोर्ड के चेयरमैन गुरप्रीत सिंह भुच्चर वित्त मंत्री के ओ.एस.डी तपिन्दर सिंह सोही, डायरैक्टर अमन मित्तल, एस.डी.एम काला राम कांसल, नगर कौंसिल प्रधान सुनील कुमार नीनू और कई अन्य प्रशासकीय और राजनीतिक गणमान्य उपस्थित थे।

# नर्सिंग कैडर ने मुख्यमंत्री से मिल ऑनलाइन तबादला नीति वापस लेने की रखी मांग

- तबादला नीति को लेकर नर्सिंग ऑफिसर्स की ओर से सरकार को सुझाव भी दिए गए
- प्रदेशभर में विधायकों, मंत्रियों को मांग पत्र सौंपेंगी नर्सिंग एसोसिएशन
- कई जिलों से नर्सिंग ऑफिसर्स मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचीं

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**भिवानी.** हरियाणा सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग में लागू की गई ऑनलाइन तबादला नीति को लेकर गुरुवार को नर्सिंग कैडर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। उन्हें इस तबादला नीति को रद्द करने के लिए मांग पत्र सौंपा। साथ ही नीति में बदलाव के लिए सुझाव भी दिए। क्योंकि नर्सिंग कैडर में 95 प्रतिशत महिलाएं ही हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आईं नर्सिंग ऑफिसर्स की ओर से संत कबीर कुटीर में मुख्यमंत्री नायब सिंह से मुलाकात की गई। उन्हें मांग पत्र सौंपकर अनुरोध किया कि कहा गया कि नर्सिंग विभाग के कर्मचारियों पर ऑनलाइन तबादला नीति के कार्यान्वयन पर रोक लगाई जाए। यदि यह नीति नर्सिंग विभाग के कर्मचारियों पर लागू की जाती है, तो इससे कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवारों को भी कठिनाई होगी। नर्सिंग कैडर में कार्यरत अधिकांश कर्मचारी महिला कर्मचारी हैं। यदि उनका स्थानांतरण होता है तो इससे उन्हें और उनके परिवारों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि उन्हें अपने परिवार के सदस्यों की देखभाल करनी होती है। अनेक महिला कर्मचारियों के परिवार वहीं बसे हुए हैं, जहां उनकी वर्तमान में तैनाती है।




स्थानांतरण की स्थिति में कर्मचारी को अपने परिवार को छोड ?र दूसरे स्टेशन पर अपना कर्तव्य निभाना होगा। महिला कर्मचारियों के लिए परिवार से दूर रहकर काम करना कठिन होगा। साथ ही यह कहा गया कि जो नर्सिंग कर्मचारी किसी स्टेशन पर लंबे समय से तैनात होते हैं, वे उस स्टेशन के इलाके से अच्छी तरह परिचित होते हैं। जिससे उन्हें नए स्थानांतरित कर्मचारी की तुलना में अपने कर्तव्यों का अधिक प्रभावी ढंग से निर्वहन करने में मदद मिलती है। कोविड-19 महामारी के दौरान नर्सिंग स्टाफ ने पूरी क्षमता से अपने कर्तव्यों का निर्वाह किया और महामारी के प्रसार को रोकने में उत्कृष्ट योगदान दिया। वे अपने परिवार के सहयोग से ऐसा कर पाए हैं। यदि उनका तबादला किसी अन्य स्टेशन पर हो जाता है तो उनके लिए इस तरह से कार्य कर पाना बहुत मुश्किल/असंभव होगा। उन्हें कोविड-19 महामारी के खिलाफ लड़ाई में अग्रिम पंक्ति के नायकों के रूप में नामित किया गया है। ऐसे में ऑनलाइन तबादला नीति से उनका जीवन प्रभावित होगा। इसके अलावा नर्सिंग कार्डर का काम चौबीसों घंटे सातों दिन का होता है। उन्हें काम के घंटों के बाद भी किसी भी आपातकालीन कॉल के लिए तैयार रहना पड़ता है, जो एक महिला कर्मचारी के लिए निभाना बहुत मुश्किल होगा। अगर उनका तबादला उनके परिवार से दूर किसी स्टेशन पर हो जाता है तो उन्हें अकेले रहना पड़ेगा। यह भी ध्यान में लाया जा रहा है कि अधिकांश प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और नैदानिक स्वास्थ्य केंद्र दूरदराज के स्थानों पर स्थित हैं। एक पुरुष के लिए समय पर वहां पहुंचकर अपना कर्तव्य निभाना मुश्किल होता है, इसलिए एक महिला के लिए यह और भी कठिन होगा।

महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों के कारण परिवार के संरक्षण के बिना अकेले रहना महिलाओं के लिए बेहद मुश्किल है। परिवार से अलग रहकर महिला कर्मचारियों के काम के प्रदर्शन और मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ेगा। मांग पत्र में यह भी कहा गया कि नर्सिंग विभाग के कर्मचारियों के तबादलों से उनके बच्चों के भविष्य पर गहरा असर पड़ेगा। क्योंकि कई नर्सिंग कर्मचारियों के बच्चे उन स्कूलों या कॉलेजों में पढ़ रहे हैं जो वर्तमान में उनकी तैनाती वाले स्थानों पर ही हैं। यदि उनका तबादला हो जाता है तो उनके बच्चों की शिक्षा प्रभावित होगी। उनके शैक्षणिक प्रदर्शन पर बुरा असर पड़ेगा और उन्हें अनावश्यक तनाव होगा। इसलिए निवेदन है कि नर्सिंग कैडर की स्थानांतरण नीति के कार्यान्वयन से छूट दी जाए।

## एक नजर

### हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रोफेसर पवन शर्मा किया पदभार ग्रहण

**भिवानी.** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रोफेसर पवन शर्मा ने पदभार ग्रहण किया। वर्तमान में वे गवर्नमेंट कॉलेज चरखी दादरी के प्राचार्य हैं तथा उन्हें बोर्ड चेयरमैन का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। प्रोफेसर पवन शर्मा पूर्व में बोर्ड में जॉइंट सेक्रेटरी के पद पर भी अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। उनके कार्यकाल के दौरान नकल रोको अभियान में उनकी विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही, जिससे परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता एवं अनुशासन को मजबूती मिली। उनकी प्रशासनिक दक्षता, अनुशासनप्रियता और शिक्षा सुधार के प्रति प्रतिबद्धता के कारण शिक्षा जगत में उनकी विशिष्ट पहचान है। शिक्षाविदों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। श्री अशोक शर्मा जी (प्रांतीय सचिव), श्री कमल वशिष्ठ जी (अध्यक्ष, भारत विकास परिषद), पवन शास्त्री जी (स्टेट अवॉर्डी प्राचार्य, बडेसरा), श्री भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के संयोजक, प्राचार्य डांगर, डिप्टी डीईओ श्री शिवकुमार तिवारी जी (भिवानी), डॉ. अनिल वशिष्ठ जी, श्री सुरेश कुमार शर्मा (वडाला), श्री अरुण शर्मा जी (भिवानी), श्री राकेश रोहिल्ला जी (रसायन प्रवक्ता), श्री दिनेश शर्मा जी (निधनावाले), श्री राजवीर शर्मा जी (प्रदेश उपाध्यक्ष, सलाह - धरेडू), सुमन मैडम (टीजीटी इंग्लिश, पापोसा) तथा श्री भूपेंद्र शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

### संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला

**भिवानी.** महंत वेदनाथ महाराज के विशेष सानिध्य व भक्तों, श्रद्धालुओं को भाव विभोर कथा गुरु स्थान सिद्धपीठ हिंगवा राजस्थान से बाल संत कथा व्यास आचार्य योगी महेंद्र नाथ ने श्रवण कराकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सराबोर किया। दूसरे दिन की कथा व्यास ने नारद मोह कथा, भगवान शिव की ब्रह्मा, विष्णु द्वारा पूजा व पार्थ स्तंभ रुद्र कथा की महिमा का विस्तर पूर्वक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान का प्रेम प्राप्त करना भाग्यशाली की बात है। जो भगवान के बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं वे भी भाग्यवान हैं। आचार्य योगी महेंद्र नाथ ने बताया कि शिव पुराण का पाठ करने से कलयुग के प्रभाव से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम जिस कलयुग में जी रहे हैं, इस युग में बड़े-बड़े महात्माओं ने गहरा चिंतन किया है। जो भक्ति को धारण करता है वह कलयुग के प्रभाव से बच जाता है। श्री शिव महापुराण कथा को सुनकर सभी श्रोतागण देर शाम तक कथा प्रवाह का आनंद लेते नजर आए। संध्या आरती के पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर महंत वेदनाथ महाराज, कपिल नाथ, प्रदीप नाथ महाराज, गोपाल नाथ, रामेश्वर नाथ, पं. प्रदीप भारद्वाज, राजेश गोदारा, बाली पहलवान, अर्जुन, बनवारी, दीपक पांडे, नरेश नेशू, मा. सहित अनेक सैंकडों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### किसान उठाएं पीएम फसल बीमा योजना का लाभ

**भिवानी.** डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन पंचायत भवन के सभागार में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के तत्वावधान में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ विनोद फोगाट ने की। उन्होंने किसानों को उनकी फसल बीमा योजना के दस्तावेज भेंट किए। कार्यक्रम में डॉ. फोगाट ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। किसानों को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। इस योजना से किसानों को उनकी फसल सुरक्षा मिलती है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत फसल खराब होने पर किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाती है, जिससे उनकी आय सुरक्षित रहती है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक इस योजना का लाभ उठाएं और समय पर पंजीकरण कराएं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किसानों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि फसल बीमा योजना से उन्हें कठिन समय में सहारा मिलेगा। किसानों को कृषि यंत्र, फसल अवशेष प्रबंधन, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा सहित किसान कल्याण की अनेक योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। किसानों को योजना के लाभ, बीमा क्लेम प्रक्रिया और प्राकृतिक आपदा की स्थिति में मिलने वाली सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

### बीरेंद्र जालंधरा फाउंडेशन ने दूसरी पुण्यतिथि पर बीरेंद्र जालंधरा जी को श्रद्धांजलि अर्पित की

**भिवानी.** बीरेंद्र जालंधरा फाउंडेशन के सदस्यों ने स्वर्गीय बीरेंद्र जालंधरा जी की दूसरी पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके सामाजिक योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर भारत सरकार में वरिष्ठ अधिकारी विजेंद्र कुमार जी ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बीरेंद्र जालंधरा जी अत्यंत कर्मठ, जुझारू एवं समर्पित समाजसेवी थे। उनके साथ कार्य करने का अनुभव प्रेरणादायक रहा है। आज हम सभी उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। फाउंडेशन के संस्थापक विशाल जालंधरा ने कहा कि हम अपने पिता जी के सिद्धांतों और मूल्यों को ही अपना मार्गदर्शन मानते हैं।

# पंजाब में नशे और अपराध पर सख्त प्रहार करेगी भाजपा : सैनी

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि युवाओं की नई सोच और सकारात्मक ऊर्जा से प्रदेश और देश को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने पंजाब की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में वहां नशे की समस्या गंभीर रूप से बढ़ी है, जिसका दुष्प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ा है। युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखना समय की मांग है और भारतीय जनता पार्टी उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री शनिवार को चंडीगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि नशे के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाने के लिए हरियाणा में साइक्लोथॉन और मैराथन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या



में युवा भाग ले रहे हैं। अवैध नशा कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है और उनकी संपत्तियां भी अटैच की जा रही हैं। विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। ब ?ते अपराधों पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ कर शांति, सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता होगी। उन्होंने आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है और जनता अपेक्षित परिणाम नहीं देख पा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है और वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा सुदृढ़ हुई है। बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में सड़क, राष्ट्रीय राजमार्ग और कनेक्टिविटी के विस्तार से विकास को नई गति मिली है। रोजगार के विषय में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और स्टैंड अप इंडिया जैसी पहलों से युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। हरियाणा सरकार ने भी पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से बिना खर्ची और बिना पर्ची के सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। पिछले एक वर्ष में लगभग 37,000 युवाओं को सरकारी रोजगार दिया गया है। हाल ही में 12,500 पदों पर भर्तियां निकाली गई हैं, जिन्हें पूर्ण पारदर्शिता के साथ भरा जा रहा है, ताकि सभी वर्गों के युवाओं को समान अवसर मिल सकें। खेलों के क्षेत्र में हरियाणा के खिलाड़ियों ने ओलंपिक, पैरालंपिक और एशियन गेम्स सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में देश का नाम रोशन किया है।

खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा करोड़ों रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि विदेश सहयोग विभाग की स्थापना कर युवाओं को सुरक्षित और पारदर्शी माध्यम से विदेश में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं तथा वैध प्रक्रिया सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य युवाओं को सशक्त बनाकर प्रदेश और देश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाना है।

### सीएम विंडो शिकायतों की समीक्षा बैठक में सख्त निर्देश

# जनता को समय पर समाधान देना प्रशासन की जिम्मेदारी : विधायक शक्तिरानी शर्मा

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**पंचकूला.** हरियाणा सरकार की जन शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कालका विधानसभा क्षेत्र में सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक कालका विधानसभा क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में माननीय विधायक शक्तिरानी शर्मा की अध्यक्षता एवं निगरानी में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य सीएम विंडो पर दर्ज शिकायतों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करना, लंबित मामलों में आ रही बाधाओं को समझना और उनके समयबद्ध समाधान के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करना था। विधायक ने साफ शब्दों में कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान सीएम विंडो से संबंधित कुल 11 शिकायतों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इन शिकायतों में भूमि विवाद, निशानदेही, माप, सार्वजनिक सुविधाओं की कमी, सड़क और जल निकासी से जुड़े मुद्दे सहित विभिन्न प्रशासनिक मामलों को शामिल किया गया। विधायक ने प्रत्येक मामले की फाइल को विस्तार से देखा और संबंधित विभागों के अधिकारियों से जवाब तलब किया।

कई शिकायतें ऐसी थीं जो लंबे समय से लंबित पड़ी थीं।



शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उन्हें बार-बार तिथि दी जाती रही, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। इस पर विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और अनावश्यक देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। बैठक में विशेष रूप से उन मामलों पर ध्यान केंद्रित किया गया जिनमें भूमि की निशानदेही, माप या अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाएं लंबित थीं। विधायक ने निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में संबंधित विभाग समयबद्ध कार्यक्रम बनाकर तय तिथियों पर मौके का निरीक्षण करें और उसकी रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि निशानदेही की तिथि तय होने के बावजूद कार्यवाही आगे नहीं बढ़ती, जिससे शिकायतकर्ता को बार-बार कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते हैं। यह स्थिति अस्वीकार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का दायित्व है कि वह नागरिकों को अनावश्यक परेशानी से बचाए। बैठक के दौरान विधायक शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो के माध्यम से आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी मामले को केवल औपचारिकता के रूप में निपटाया न जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों के निस्तारण की प्रगति से शिकायतकर्ताओं को नियमित रूप से अवगत कराया जाए। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास भी मजबूत होगा। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था तभी प्रभावी मानी जाएगी जब वह संवेदनशील और जवाबदेह हो। उन्होंने कहा कि आमजन सरकारी प्रक्रियाओं में पहले ही कई तरह की जटिलताओं का सामना करते हैं। ऐसे में यदि शिकायत दर्ज कराने के बाद भी उन्हें समय पर समाधान नहीं मिलता, तो यह व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे शिकायतों के निस्तारण को केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रखें, बल्कि जमीनी स्तर पर वास्तविक समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में लंबित मामलों की समीक्षा नियमित रूप से की जाएगी और प्रगति की रिपोर्ट ली जाएगी। बैठक में उपस्थित नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। कई शिकायतकर्ताओं ने कहा कि उन्हें लंबे समय से समाधान का इंतजार था और बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे थे। विधायक की मौजूदगी में अधिकारियों से सीधा संवाद होने से उन्हें उम्मीद जगी है कि अब उनके मामलों का समाधान शीघ्र होगा। कुछ शिकायतकर्ताओं ने विधायक की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी पहल से सीएम विंडो पर दर्ज शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया में तेजी आई है। लोगों ने कहा कि यदि इसी प्रकार नियमित समीक्षा होती रही, तो शिकायत निवारण व्यवस्था और अधिक प्रभावी बन सकती है। बैठक के दौरान विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिकायतों के समाधान में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा दर्ज की गई शिकायतें सरकार और प्रशासन के प्रति उनके विश्वास का प्रतीक हैं। यदि उन शिकायतों का समय पर निस्तारण नहीं होता, तो यह विश्वास कमजोर पड़ता है। वे प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर लें और निर्धारित समय सीमा के भीतर उसका समाधान सुनिश्चित करें। यदि किसी मामले में तकनीकी या कानूनी बाधा है, तो उसकी स्पष्ट जानकारी शिकायतकर्ता को दी जाए, ताकि भ्रम की स्थिति न बने।

## महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी समाज के लिए जरूरी: प्रोफेसर सैनी

**करनाल.** डीएवी पीजी कॉलेज करनाल में उच्चतर शिक्षा निदेशालय के निर्देशन एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के मार्गदर्शन में कॉलेज के अंग्रेजी विभाग , महिला प्रकोष्ठ एवं डिवाइन सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान मे महिला, साहित्य एवं राजनीतिक प्रतिनिधित्व विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस महत्वपूर्ण सेमिनार में देश के प्रख्यात विद्वानों ,शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उद्घाटन सत्र में हरियाणा हायर एजुकेशन के संयुक्त सचिव नीरज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि साहित्य ने हमेशा महिलाओं को निजी दायरे से निकालकर सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा बनाया है। साहित्य महिलाओं को वह वैचारिक शब्दावली देता है जिससे वे अपने अधिकारों की मांग कर सकें। उन्होंने कहा कि समाज में नारी का राजनीतिक प्रतिनिधित्व तब तक वास्तविक नहीं हो सकता जब तक उसकी वैचारिक स्वतंत्रता न हो। उन्होंने कहा कि पर्दा प्रथा ने महिलाओं को सार्वजनिक जीवन और राजनीति से दूर रखा। अध्यक्षीय संबोधन में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कुलगुरु एवं कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ रामपाल सैनी ने कहा कि महिला साहित्य और उनका राजनीतिक प्रतिनिधित्व समकालीन विमर्श के दो ऐसे स्तंभ हैं, जो एक-दूसरे को शक्ति प्रदान करते हैं। आधुनिक दृष्टिकोण यह मानता है कि साहित्य केवल कल्पना नहीं, बल्कि उन राजनीतिक अधिकारों की नींव है जिन्हें महिलाएं आज समाज और संसद में प्राप्त करना चाहती हैं। राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को अब केवल संख्या के रूप में नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक परिपक्वता के पैमाने के रूप में देखा जाना चाहिए। साहित्य चेतना जगाता है,और राजनीति उसे अधिकार देती है। जब तक साहित्य में गढ़ी गई सशक्त महिला की छवि को वास्तविक राजनीति में निर्णय लेने के अधिकार नहीं मिलते, तब तक समानता का लक्ष्य अधूरा है। उन्होंने सावित्रीबाई फुले व अन्य समाज सुधारक महिलाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन महिलाओं ने समाज की रूढियों को तोडकर न केवल नारी शिक्षा और सशक्तिकरण की नींव रखी, बल्कि आने वाली पीढियों के लिए सामाजिक न्याय का मार्ग भी प्रशस्त किया।

सेमिनार की संयोजक डॉ पूनम वर्मा ने सेमिनार की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य महिला, साहित्य एवं राजनीतिक प्रतिनिधित्व विषय पर समाज में महिलाओं की स्थिति का मौजूदा समय में अवलोकन करना है।

### स्माइल फाउंडेशन संस्था ने रेडक्रास कार्यालय में थैलेसीमिया बच्चों के लिए लगाया रक्तदान शिविर

**यमुनानगर** मिशन रक्त क्रांति हिंदुस्तान अभियान (घर घर रक्तदाता -घर घर रक्तदाता) के तहत स्माइल फाउंडेशन संस्था ने रेडक्रास कार्यालय के प्रांगण में थैलेसीमिया बच्चों के लिए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 35 रक्तदाओं ने रक्तदान किया। उपायुक्त प्रीति ने जिला रेडक्रास समिति द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर में बोलते हुए कहा कि रक्तदान करना वास्तव में एक वीरतापूर्ण कार्य है, जिसे अक्सर जीवनदान कहा जाता है। रक्त हमारे जीवन का एक आवश्यक अंग है, और आपातकालीन स्थितियों या गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं में रक्त की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने रक्तदान शिविर में रक्तदान कर रहे अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दी। प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों ने रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि रैडक्रास समिति एक प्रमुख मानवीय संस्था है, जो बिना किसी भेदभाव के युद्ध, आपदाओं और आपातकालीन स्थितियों में पीड़ितों की सहायता करती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिलता है, यह एक मानवता की उत्तम मिसाल भी है, हमारे देश का युवा रक्तदान करने में हमेशा अपना योगदान देते रहे हैं। उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया के मरीजों को लगातार रक्त की आवश्यकता होती है, क्योंकि इस बीमारी से पीड़ित मरीजों में रक्त की कमी होती है जिसके कारण मरीजों को समय-समय पर रक्त जरूरत पड़ती है, क्योंकि इस बीमारी में रक्त की कमी के चलते मरीज की मृत्यु हो सकती है।

### तेरी जय-जयकार है, ओ शेरावाली मां, पर जमकर नाचे श्रद्धालु

**पंचकूला।** सेक्टर-4 स्थित राधा माधव मंदिर में श्रद्धा, आस्था और भक्ति के साथ माता की भव्य चौकी का आयोजन संपन्न हुआ। मंदिर परिसर शाम होते ही भक्ति भाव से सराबोर हो उठा। शाम 6 बजे विधिवत ज्योति प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद माता को छप्पन भोग अर्पित किए गए। कार्यक्रम का नेतृत्व सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन विपिन लिड्डू और पंकज लिड्डू ने किया। प्रसिद्ध भजन गायक देशबंधु ने अपनी मधुर आवाज में तेरी जय-जयकार है, ओ शेरावाली मां, मेरी नैया पार लगा देना, मां शेरावाली और चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है जैसी भेंटें प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया। माता की भेंटों पर श्रद्धनालु झूमते और जयकारे लगाते नजर आए। विपिन लिड्डू ने बताया कि मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया था, जिससे माहौल और भी भक्तिमय बन गया। शहर के गणमान्य नागरिकों सहित सेक्टर-4 के निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा महासचिव जय कौशिक, मंडल महामंत्री पुष्पा सिंहरोहा, निर्मल चंद धीमान, रंजीत सिंह, यशपाल, वंदना गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।



## एनआईएफटी पंचकूला का 'स्पेक्ट्रम-26' उत्साह के साथ संपन्न, छात्रों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा





**पंचकूला.** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट), पंचकूला में 20-21 फरवरी 2026 को आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'स्पेक्ट्रम-26' का सफल समापन हुआ। इनोवेटिंग थीम पर आधारित इस दो दिवसीय आयोजन में विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों, शिक्षकों और अतिथियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। पूरे परिसर में रचनात्मकता, ऊर्जा और उल्लास का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। निदेशक श्री अमनदीप सिंह गवेर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की मेहनत और रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि स्पेक्ट्रम केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों और नवाचार की अभिव्यक्ति का मंच है। उन्होंने छात्रों को अपनी जड़ों और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़े रहते हुए वैश्विक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन दिवस पर विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं, जिनमें इंस्टीट्यूट राग की नृत्य प्रस्तुति और फैशन सोसाइटी द्वारा 'जन-डिजाइन' विषय पर आधारित फैशन वॉक प्रमुख आकर्षण रहे। इन प्रस्तुतियों में भारतीय परंपराओं और आधुनिक डिज़ाइन दृष्टिकोण का सुंदर समन्वय देखने को मिला। साथ ही इंस्टीट्यूट क्रिएटिव क्लब, वेलनेस क्लब और इंस्टीट्यूट स्पोर्ट्स क्लब का शुभारंभ भी किया गया, जो छात्रों के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। दोनों दिनों के दौरान एकल और समूह प्रस्तुतियां, नुक्कड़ नाटक, क्विज, रचनात्मक प्रतियोगिताएं और विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित की गईं। फैशन डिजाइन, टेक्सटाइल डिजाइन और फैशन कम्युनिकेशन विभागों के विद्यार्थियों ने अपने नवाचार और डिजाइन उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। फैशन डिजाइन विभाग के सीनियर को 'मिस्टर स्पेक्ट्रम 2026' और फैशन डिजाइन विभाग की छात्रा को 'मिस स्पेक्ट्रम 2026' के सम्मान से नवाजा गया। इसके पश्चात फैशन शो और डीजे नाइट का आयोजन हुआ, जिसने पूरे उत्सव को यादगार समापन दिया। 'स्पेक्ट्रम-26' ने विद्यार्थियों की सृजनात्मक ऊर्जा को सशक्त मंच प्रदान करते हुए कला, संस्कृति और आधुनिक डिजाइन दृष्टिकोण के माध्यम से प्रतिभा को नई पहचान दी।

## रणवीर सिंह को मिली धमकी मामले में आरोपी हेरी बॉक्सर के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह के मैनेजर को मिली धमकी के मामले में अब मुंबई क्राइम ब्रांच को बड़े सुराग मिले हैं और उन्होंने बिश्नोई गैंग के सदस्य हरिचंद्र उर्फ हेरी बॉक्सर के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी कर दिया है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने वॉइस नोट की जांच पूरी कर ली है और जांच में पाया गया कि आवाज हेरी बॉक्सर की है। पुष्टि के बाद धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लुक आउट सर्कुलर जारी कर दिया है। मुंबई पुलिस ने अभिनेता के मैनेजर को मिले वॉइस नोट को वेरीफाई करने के लिए पंजाब और हरियाणा पुलिस की मदद ली थी। जांच में पुष्टि हुई है कि आवाज हेरी बॉक्सर की है, जो बिश्नोई गैंग का गुर्गा है। पुष्टि के बाद मुंबई साइबर पुलिस ने रणवीर सिंह के मैनेजर विजय सुब्रमण्यम की शिकायत के आधार पर हेरी बॉक्सर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और इस मामले की जांच क्राइम ब्रांच की एंटी एक्सटॉर्शन सेल कर रही है। पुलिस ने जानकारी में ये भी बताया कि मैनेजर को इंटरनेशनल नंबर से फोन कर भी डराने और धमकाने की कोशिश की थी। नंबर की लोकेशन यूएस वर्जिन आइलैंड्स के पास की थी। मैनेजर ने पुलिस को बताया कि इंटरनेशनल कॉल के लिए भी फिरौती की मांग की गई थी और जान से मारने की धमकी मिली थी। पुलिस लगातार इंटरनेशनल नंबर की सही लोकेशन भी पता लगाने की कोशिश कर रही है। इन सभी घटनाओं के बाद अभिनेता के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और उन्हें शूटिंग के दौरान भी खास सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। बता दें कि हेरी बॉक्सर के वॉयस नोट में अभिनेता से 20 करोड़ की फिरौती की मांग की गई और उन्हें व रोहित शेट्टी को जान से मारने की धमकी भी दी गई। वॉयस रिकॉर्डिंग में कहा गया, रणवीर सिंह, तू कुछ बात बोलकर मुकर गया ना, ठीक है। या तो तू उस बात पर वापस आ जा, नहीं तो मुकरने की सजा क्या होती है वो तुझे हम बताएंगे।

## विहा करतारा दाः गिप्पी ग्रेवाल-निमरत खैरा का नया गाना 'गुनाह' रिलीज, रोमांटिक केमिस्ट्री ने जीता दिल

**चंडीगढ़।** पंजाबी और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के लोकप्रिय सिंगर, एक्टर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर गिप्पी ग्रेवाल और पंजाबी मशहूर सिंगर-एक्ट्रेस निमरत खैरा की अपकमिंग पंजाबी कॉमेडी-रोमांटिक फिल्म विहा करतारा दा का नया गाना गुनाह शुक्रवार को यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है। गिप्पी और निमरत दोनों ही पंजाबी इंडस्ट्री के बड़े नाम हैं, जिनकी फैन फॉलोइंग लाखों में है। अपनी आगामी फिल्म को लेकर दोनों ही एक्टर प्रमोशन में व्यस्त हैं और अब उनकी फिल्म का एक और रोमांटिक गाना रिलीज हो गया है। गाने में गिप्पी और निमरत की शानदार केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। फैंस इनकी जोड़ी को काफी पसंद कर रहे हैं। गाने में दोनों को एक साथ घूमते और शॉपिंग करते हुए देखा जा सकता है। लोग निमरत की ड्रेसिंग स्टाइल की भी काफी तारीफ कर रहे हैं। गाने को हंबल म्यूजिक चैनल ने यूट्यूब पर अपलोड किया है। गुनाह गाने को स्मीप कांग ने डायरेक्ट किया है। गाने को करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्व मेहता, भूमिका तिवारी, गिप्पी ग्रेवाल, रवनीत कौर ग्रेवाल और स्पीड रिकॉर्ड्स ने प्रोड्यूस किया है। सॉन्ग को आवाज सिंगर सिकंदर ने दी है और गीतकार-संगीत निर्माता कुलशन संधू हैं। विहा करतारा दा फिल्म 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में गिप्पी ग्रेवाल और निमरत खैरा लीड रोल में नजर आएंगे। मूवी में गिप्पी (करतारा) और निमरत (निमो) का किरदार निभा रहे हैं। गिप्पी और निमरत के अलावा, फिल्म में प्रिंस कंवलजीत सिंह, गुरप्रीत घुग्गी, डीप सलगल और बीएन शर्मा जैसे कलाकारों की भी शानदार एक्टिंग देखने को मिलेगी। विहा करतारा दा फिल्म की कहानी शादी, पारिवारिक रिश्ते और उलझनों के इर्द-गिर्द घूमती है। मूवी में करतारा का रोल एक आलसी और झूठ बोलने वाले युवक का है और निमरत खुले विचारों की, समझदार और जिंदगी खुलकर जीने वाली लड़की है, जिससे करतारा को प्यार हो जाता है।



### 'सांड की आंख' से लेकर 'पिंक' तक


## तापसी पन्नू की इन फिल्मों ने बदला समाज का नजरिया



भारतीय सिनेमा पर लंबे समय से अभिनेताओं और बड़े स्तर की फिल्मों का कब्जा रहा है, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कामयाबी हासिल की और दर्शक भी खुद को थिएटर में सीटी बजाने से नहीं रोक पाए। अब बदलते समय के साथ महिला प्रधान फिल्मों ने भी हिंदी सिनेमा में अलग जगह बना ली है और लगभग हर अभिनेत्री बिना किसी मेन लीड के सहारे फिल्मों में अपनी धाक जमा रही है। आज तापसी पन्नू की अस्सी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है और अगर उनके करियर के पन्नों को पलटा जाए तो उन्होंने कई ऐसी महिला प्रधान फिल्में की हैं, जिन्होंने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। सिर्फ सिनेमाघर ही नहीं, बल्कि ओटीटी पर भी तापसी ने महिला प्रधान फिल्मों से फैंस का दिल जीता है। उनकी साल 2019 में आई बदला ने ओटीटी पर नई लहर की शुरुआत की थी, जिसमें अपने प्रेमी के ही मर्डर केस में फंसी तापसी खुद के बेकसूर साबित करने की लड़ाई लड़ती हैं। बदला में उनकी एक्टिंग की जमकर तारीफ हुई थी और आईएमडीबी पर रेटिंग 7.7 थी। बदला से पहले तापसी ने पिंक में काम किया था, जिसका डायलॉग नो मींस नो ने समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया था। फिल्म में महिलाओं की मर्जी और उनकी भावनाओं को तवजो दी थी और समाज की संकीर्ण धारणाओं पर प्रहार किया था। साल 2020 में तापसी थप्पड़ को लेकर आई, जिसमें महिलाओं के साथ होने वाली घरेलू हिंसा को उजागर किया गया और बताया गया कि शुरुआत एक थप्पड़ से ही होती है। फिल्म में सिर्फ एक थप्पड़ के कारण रिश्तों और सम्मान के सवाल को उठाया गया है, जिसके लिए इसे खूब सराहना मिली। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अछी कमाई की और वर्ल्ड वाइड 44 करोड़ से यादा का कलेक्शन किया। सांड की आंख फिल्म को भी नहीं भुलाया जा सकता है, जिसमें तापसी ने प्रकाशी तोमर का रोल निभाया था। यह फिल्म साठ साल की दो बहनों चंद्रो और प्रकाशी के जीवन पर बनी थी, जो 60 साल की उम्र के बाद निशानेबाजी में आई और कई पुरस्कार भी अपने नाम किए। फिल्म में पितृसत्तात्मक और रुढ़िवादी सोच को भी बखूबी दिखाया गया। साल 2021 में आई रश्मि रॉकेट भले ही पर्दे पर कमाल नहीं कर पाई, लेकिन फिल्म भारतीय महिला खिलाड़ियों के संघर्ष पर बनी है। फिल्म में छोटे से गांव से निकली रश्मि वीरा अपने सपनों को उड़ान देने के लिए कई संघर्षों से गुजरती है। फिल्म में महिला खिलाड़ियों के साथ होने वाले भेदभाव, जेंडर टेस्टिंग और हाइपरएंड्रोजेनिम के मुद्दों पर प्रकाश डाला गया है।

## होली से पहले मनोज तिवारी का चला सुरों का जादू, रिलीज हुआ 'होलरिया'

देश के सबसे बड़े त्योहारों में से एक होली का पर्व अब बेहद नजदीक है। 4 मार्च को देशभर में रंग-गुलाल के त्योहार को बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस खास दिन लोग एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटते हुए, मुंह मीठा करते हैं और जमकर नाचते हैं। जब बात होली और डांस की हो तो भोजपुरी गाने के बिना इसका आनंद अधूरा है। होली को लेकर भोजपुरी इंडस्ट्री की तैयारी अपने चरम पर है। इंडस्ट्री के जाने-माने कलाकार एक के बाद एक होली के हिट सॉन्ग रिलीज कर रहे हैं। अब भोजपुरी एक्टर, सिंगर और सांसद मनोज तिवारी ने भी शुक्रवार को होली का एक और दमदार गाना होलरिया मृदुल म्यूजिक यूट्यूब चैनल पर जारी कर दिया है। सॉन्ग में मनोज तिवारी के साथ एक्टर-फॉर्मर नेटबॉल और बास्केटबॉल प्लेयर प्राची तेहलान नजर आ रही हैं। गाने में दोनों देवर और भाभी का किरदार निभा रहे हैं। फैंस एल्बम को काफी पसंद कर रहे हैं और कुछ ही घंटे में हजारों व्यूज आ चुके हैं। एल्बम में पीएम मोदी, राहुल गांधी, लालू यादव सहित पक्ष और विपक्ष के कई नेताओं के साथ पवन सिंह, रवि किशन, दिनेश लाल यादव (निरहुआ), तेज प्रताप, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, रेखा गुप्ता आदि का भी जिक्र है, जो गाने को और भी लोकप्रिय बना रहा है। मनोज तिवारी ने गाने को अपनी सुरीली और लाखों दिलों को छूने वाली आवाज दी है, जो वियानेट मीडिया स्टूडियो में रिकॉर्ड हुई है। गीत के निर्देशक रौनक राउत, संगीतकार सूरज विश्वकर्मा, डीओपी वजीर आर्ट, निर्माता गीता यादव, प्रोडक्शन सांविका फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सुरभि तिवारी और डिजीटल पार्टनर ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन हैं। भोजपुरी इंडस्ट्री में होली को लेकर हर साल अलग ही धूम रहती है। होलरिया से पहले अक्षरा सिंह और अभिनेता वरुण शर्मा ने होली पे चले गोली, दिनेश लाल यादव और आम्रपाली की सुपरहिट जोड़ी ने अवध में होली, पवन सिंह और महिमा सिंह ने सतरंगी सलवारवा और खेसारी लाल यादव ने होली परल पर 4 के सॉन्ग शिल्पी राज के साथ जारी किया।



## रोहित शेट्टी फायरिंग केस : आरजू बिश्नोई वांटेड घोषित, मामले में गिरफ्तार आरोपियों के संपर्क में था

बॉलीवुड के मशहूर फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के जुहू स्थित आवास पर हुई फायरिंग की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे इस मामले से जुड़े नए खुलासे हो रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने शुभम लोनकर के अलावा आरजू बिश्नोई को भी वांटेड आरोपी घोषित कर दिया है। जांच में खुलासा हुआ कि आरजू बिश्नोई भी गिरफ्तार आरोपियों के लगातार संपर्क में था। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, जांच में पुख्ता सबूत मिले हैं कि आरजू बिश्नोई और शुभम लोनकर दोनों ही इस मामले में शामिल शूटरों और अन्य आरोपियों से लगातार संपर्क में थे। इसी आधार पर दोनों को अब वांटेड घोषित किया गया है और उनकी तलाश में कई टीमें लगाई गई हैं। इस केस का सबसे संवेदनशील पहलू मुख्य शूटर दीपक शर्मा की निजी जिंदगी से जुड़ा हुआ है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि दीपक के परिवार में दो भाई और तीन बहनें हैं। उसकी सबसे छोटी



बहन की पिछले साल शादी हुई थी, जिसके लिए परिवार को घर तक गिरवी रखना पड़ा था। इसके अलावा, उसकी एक बहन को बीमारी के चलते उसके पति ने छोड़ दिया था, जिसकी पूरी जिम्मेदारी अब दीपक पर आ गई थी। इन्हीं आर्थिक परेशानियों के चलते वह गलत रास्ते की ओर निकल पड़ा।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पैसों की तंगी से जूझ रहा दीपक इस अपराध को करने के लिए पूरी तरह मानसिक रूप से तैयार नहीं था। फायरिंग से ठीक पहले वह बेहद घबराया हुआ था। पूछताछ में उसने बताया कि डर को दबाने के लिए उसने शराब पी और फिर हिम्मत जुटाकर रोहित शेट्टी के घर के बाहर फायरिंग की।

जांच में यह भी सामने आया है कि इस फायरिंग के लिए दीपक और उसके तीन साथियों को कुल तीन लाख रुपए देने का वादा किया गया था। इसमें से 50 हजार रुपए की पहली किस्त पहले ही दे दी गई थी, ताकि शूटरों की तैयारी, आने-जाने और अन्य खर्च पूरे किए जा सकें। बाकी रकम वारदात के बाद देने की बात कही गई थी।

## 'द केरल स्टोरी 2' के समर्थन में उतरी भाजपा, नेता बोले-फिल्म को राजनीतिक चश्मे से न देखें

फिल्म द केरल स्टोरी 2ङ्कगोज बियॉन्ड को लेकर जहां एक तरफ सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इस बीच भाजपा नेताओं ने फिल्म का विरोध करने वालों पर निशाना साधा और कहा है कि फिल्म को राजनीतिक चश्मे के बजाय, अभिव्यक्ति की आजादी और सचाई के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, चुनाव से ठीक तीस दिन पहले मुख्यमंत्री एक तरह का सर्कस खड़ा करना चाहते हैं ताकि यह दिखाया जा सके कि वे मुस्लिम हितों की रक्षा कर रहे हैं। भारत का एक संविधान है और हर नागरिक को अपनी बात कहने और अपनी कहानी रखने का अधिकार है। किसी फिल्म को केवल इसलिए विवादों में घसीटना कि वह असहज सवाल उठाती है, लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा, भारत में किसी न किसी मुद्दे पर विवाद खड़ा करना अब एक परंपरा बन चुकी है। सिनेमा समाज का आईना है और ये फिल्में अक्सर उन पहलुओं को सामने लाती हैं जो आमतौर पर दबे रह जाते हैं। किसी भी फिल्म के कंटेंट को परखने का काम सेंसर बोर्ड का है और जब बोर्ड कोई फैसला लेता है, तो सभी को उसका सम्मान करना चाहिए। झारखंड की राजधानी रांची से भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा, केरल से लगातार ऐसी खबरें सामने आती रही हैं, जिनमें हिंदू और ईसाई लड़कियों को निशाना बनाकर उनका धर्म परिवर्तन कराने के आरोप लगते रहे हैं। मेरा मानना है कि अगर फिल्मों के जरिए इन घटनाओं को दिखाया जा रहा है तो उसका विरोध क्यों हो रहा है? केरल में भाजपा और आरएसएस लंबे समय से इन मुद्दों के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं, और जो लोग फिल्म का विरोध कर रहे हैं, वे कहीं न कहीं इस पूरी प्रक्रिया में संलिप्त हो सकते हैं। तेलंगाना से भाजपा सांसद नरेश बंसल ने भी फिल्म का समर्थन करते हुए कहा, यह सत्य घटनाओं पर आधारित है। केरल में जिस तरह की घटनाएं सामने आई हैं, उन्हें समाज को समझना चाहिए। अगर फिल्म किसी सचाई को उजागर कर रही है तो उसे देखने और समझने की जरूरत है। जम्मू-कश्मीर में भाजपा विधायक विक्रम रंधावा ने कहा, फिल्मों को बड़े नजरिए से देखा जाना चाहिए।

फिल्म बनाना, उसे रिलीज करना और जनता तक पहुंचाना प्रोड्यूसर और डायरेक्टर का काम है। अगर कोई फिल्म सचाई दिखाने का दावा करती है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, न कि उसे गलत तरीके से पेश कर राजनीतिक रंग दिया जाए।

## खाना खाने के बाद पानी पीने नहीं है गलत

अक्सर बड़े-बुजुर्ग कहते हैं खाना खाने के तुरंत बाद पानी मत पियो, वरना पाचन खराब हो जाएगा। लेकिन क्या यह सलाह सच में वैज्ञानिक रूप से सही है? विशेषज्ञों के अनुसार सामान्य मात्रा में पानी पीना नुकसानदायक नहीं है। हमारा पेट बहुत समझदारी से काम करता है। जब हम खाना खाते हैं, तो पेट में गैस्ट्रिक जूस और एंजाइम बनते हैं जो भोजन को पचाते हैं। थोड़ी मात्रा में पानी इन एंजाइम्स को पतला करके बेअसर नहीं करता। यानी यह धारणा कि पानी पाचन रस को खत्म कर देता है वैज्ञानिक रूप से सही नहीं है।

फिर यह मिथक कैसे बना?

कुछ लोगों को खाना खाने के तुरंत बाद ज्यादा पानी पीने से पेट फूलना, भारीपन,एसिडिटी, डकार जैसी समस्या हो सकती है।इसलिए अनुभव के आधार पर यह सलाह फैल गई कि पानी मत पियो। हड्डियों और जोड़ों के डॉक्टर बताते हैं कि शरीर में सही हाइड्रेशन बहुत जरूरी है। पानी शरीर के जोड़ों में लुब्रिकेशन बनाए रखता है, डिस्क और कार्टिलेज को स्वस्थ रखने में मदद करता है, मांसपेशियों के काम करने में सहायक है। इसलिए पानी से बचना नहीं, बल्कि संतुलन रखना जरूरी है।

सही तरीका क्या है?

खाना खाते समय छोटे-छोटे घूंट में पानी पी सकते हैं।, बहुत ज्यादा ठंडा पानी तुरंत बाद न पिएं। भारी भोजन के बाद 20-30 मिनट में सामान्य मात्रा में पानी लेना बेहतर है।पूरे दिन 7-8 गिलास पानी जरूर पिएं। जिन्हें एसिडिटी या जीईआरडी की समस्या है, जिनका पाचन कमजोर है, जिन्हें पेट में जल्दी गैस बनती है ऐसे लोग खाने के तुरंत बाद बहुत ज्यादा पानी न पिएं। खाने के बाद पानी बिल्कुल नहीं पीना चाहिए यह पूरी तरह वैज्ञानिक रूप से सही सलाह नहीं है। मात्रा और तरीका ज्यादा महत्वपूर्ण है। थोड़ा पानी पाचन में बाधा नहीं डालता, बल्कि शरीर के लिए जरूरी है।



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com